मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

राँची,दिनांक– **01.03.2020**

★ सरकार को आप सहयोग करें, योजनाओं का लाभ घर घर तक पहुंचेगी - मुख्यमंत्री

====================

मुख्यमंत्री सचिवालय

विज्ञप्ति संख्या- 243/2020

सुंदरपहाड़ी , गोड्डा

====================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन गोड्डा जिले के सुंदरपहाड़ी प्रखंड के बड़ा कल्हाजोर गांव में बैजल बाबा की जयंती पर आयोजित मेला के उदघाटन समारोह में शामिल हुए

===============

मुख्यमंत्री ने समारोह में लगभग 14 करोड़ की योजनाओं का ऑनलाइन उदघाटन- शिलान्यास और लाभुकों के बीच 156 करोड़ की परिसम्पतियों का वितरण किया

=============

★ जो जनता का काम लटकाएंगे वे अधिकारी निलंबित होंगे

★ सरकार के विकास कार्यों में बाधा डालनेवाले लोगों पर भी होगी कार्रवाई_

...हेमन्त सोरेन, मुख्यमंत्री, झारखण्ड

=========================

यह मेरी नहीं आपकी सरकार है । सरकार की सारी योजनाओं पर अपका अधिकार है । इन योजनाओं का लाभ हर किसी को मिलना चाहिए । इसके लिए जरूरी है कि आप सरकार के सहयोगी बने । सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर चलें । मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने गोड्डा जिले के सुंदरपहाड़ी प्रखंड के बड़ा कल्हाजोर गांव में बैजल बाबा की जयंती पर आयोजित मेला के उदघाटन समरोह में मौजूद हजारों लोगों को बतौर मुख्य रूप संबोधित करते हुए कही ।. उन्होंने कहा कि अभी तो शुरुआत है । आनेवाले दिनों में सरकार अपने विकास कार्यों की बदौलत झारखंड की तस्वीर और तकदीर बनाने का काम करेगी ।

किसी कीमत पर भ्रष्टाचार बर्दास्त नहीं

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार किसी भी कीमत पर भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं करेगी।हमारी हर किसी पर नजर है।इसकी शुरुआत हो चुकी है।आपने देखा कि थाने तक में छापेमारी की ज़ रही है।जो भी पदाधिकारी कर्मचारी भ्रटाचार में लिप्त पाए जाएंगे उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।लोगों का अगर काम लंबित रहा ती अधिकारी निलंबित होंगे।

सरकारी काम में बाधा डालने वालों पर कार्रवाई होगी

मुख्यमंत्री ने लोगों से कहा कि वे सरकार को सहयोग करें।अगर कोई काम में बाधा डालेगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने लोगों से कहा कि योजनाओं का लाभ लोगों को मिले इसके लिए वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें।अगर किसी विभाग में भ्रष्टाचार हो रहा है तो उसका विरोध करें और सरकार को इसकी सूचना दें।उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

जनता का कोई काम लंबित नहीं रहे

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी विभागों में जनता का कोई भी काम लंबित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने जिला प्रशासन के पदाधिकारियों को चेताते हुए कहा कि जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र ,आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र और दाखिल खारिज जैसे मामले तय समय सीमा पार जारी करें।

आजादी के नायक बैजल बाबा को किया नमन

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर बैजल बाबा के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। मुख्यमंत्री ने कहा किआजादी के नायक बैजल बाबा के कार्यक्रम में आना अपनी खुशनसीबी मानता हूं. बैजल बाबा ने देश की आजादी की लड़ायी लड़ी थी।

बैजल बाबा के वंशजों को किया सम्मानित

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में बैजल बाबा के 8 परिजनों को सम्मानित किया।उन्होंने कहा कि बैजल बाबा के सपनों का झारखंड बनाने के लिए सरकार कृत संकल्प है।

फूलो-झानो सक्षम आजीविका *सखी मंडलकी ओर से मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह और स्मारिका भेंट किया गया* ।

विभिन्न विभागों की 433 योजनाओं का ऑनलाइन उदघाटन -शिलान्यास

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर लगभग 14 करोड़ रूपए की 433 योजनाओं का ऑनलाइन उदघाटन -शिलान्यास किया, इसमें एनआरईपी की 234, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की 94 ओर जिला परिषद की 105 योजनाएं सामिल हैं ।

8177 लाभुक/ लाभुक समूह के बीच परिसंपत्तियों का वितरण

मुख्यमंत्री द्वारा कार्यक्रम में 8177 लाभुक/ लाभुक समूह के बीच लगभग156 करोड़ रूपए की परिसंपत्तियों का वितरण किया गया । इसमें जेएसएलपीएस, बैंक, महिला बाल विकास और समाज कल्याण विभाग तथा भूमि संरक्षण विभाग की योजनाओं का लाभ लाभुकों को दिया गया ।

पीएम आवास योजना ग्रामीण के 15 लाभुकों को घर की चाबी सौंपी

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर पीएम आवास योजना ग्रामीण के 15 लाभुकों को गृह प्रवेश हेतु घर की चाबी सौंपी । इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग में 16 डॉक्टरों और शिक्षा विभाग में 2 को नियुक्ति पत्र प्रदान किया । मुख्यमंत्री ने डीएफएमटी फंड से दो बाइक एम्बुलेंस लाभुकों को सौंपी ।

*इस मौके पर राजमहल के सांसद श्री विजय कुमार हांसदा, डीआईजी श्री राजकुमार लकड़ा, डीडीसी और प्रभारी उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक और जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद थे ।

###

====================

#Team PRD(CMO)